## खबर संक्षेप

### दोपहर बाद सड़कें सूनी आग उगल रहा है सूरज

**नर्रा।** ग्रामीण अंचल में पिछले कुछ दिनों से सूरज आग उगल रहा है। तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने से तापमान 43 के करीब पहुंच गया है। क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है, लोग व्याकुल है। 9 बजते ही तेज गर्मी लग रही है। तपिश के कारण लोग जल्द नहा धोकर घरों में दुबक रहे हैं। भीषण गर्मी की वजह से गांव के गली मोहल्ले में वीरानी है। तेज धूप भीषण गर्मी से लोग कूलर, एसी पंखे के सहारा तो ले रहे है लेकिन सीलिंग फैन काम तक नही कर रहे। तेज धूप के कारण निस्तारी तालाब का पानी भी गर्म होने लगा है। बताया जाता है कि मंगलवार को इतनी भीषण गर्मी में शाम होते ही 4 से 5 घंटे के लिए लाइट बंद हो गई। इस कारण क्षेत्र के उपभोक्ता बहुत ही परेशान रहे। लोग अपने घरों के छत के ऊपर टहलते नजर आए।

पेज 11 का शेष

### 12 टन क्षमता...

इस मार्ग का निर्माण आमजन, विशेष रूप से स्कूली बच्चों, किसानों और पैदल चलने वालों की सुविधा के लिए किया गया था, लेकिन हाल के दिनों में इस सड़क का उपयोग रावन स्थित ग्रासिम सीमेंट प्लांट तक भारी ट्रकों और मालवाहक वाहनों की नियमित आवाजाही के लिए किया जा रहा है, जिससे सड़क की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले बच्चे बिना डर के सड़क पर चलते थे, लेकिन अब उन्हें हर पल भारी वाहनों के बीच दुर्घटना का भय बना रहता है। अनेक बार स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से शिकायत की और भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की, मगर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों की मांग है कि शासन-प्रशासन तुरंत हस्तक्षेप करें, भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया जाए। वैकल्पिक औद्योगिक मार्ग का निर्माण कराया जाए। सड़क और पुल की मरम्मत एवं मजबूती की जाए। स्कूल समय में विशेष सावधानी बरती जाए।

# अर्जुनी सुशासन संध्या चौपाल में विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी के बाजार चौक में मंगलवार को सुशासन संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। स्वामी आत्मानंद के छात्रों ने छत्तीसगढ़ी गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी, जिस पर जनप्रतिनिधियों ने पुरस्कृत भी किया।

जनपद सदस्य वेदेश्वरी त्रिलोक यादव द्वारा स्वच्छ भारत संकल्प के तहत गांव को स्वच्छ बनाने के लिए शपथ दिलायी गई। सुशासन संध्या चौपाल के दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डोमन वर्मा, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, जनपद सदस्य वेदेश्वरी त्रिलोक यादव, सरपंच कविता ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू, सचिव राजेश साहू, सुखराम ध्रुव, प्रमोद जैन, भुनेश्वर साहू, गंगाप्रसाद यदु, भूपेंद्र शर्मा, गोपाल वर्मा, चित्रलेखा यदु, सचिन सोनी, जसवंत वर्मा, चित्ररेखा साहू, चितरौतिंन साहू, राजेश्वरी ध्रुव, प्रीति साहू, प्रमिला वर्मा, मालती साहू, विजय वर्मा, जीवन साहू, विनोद सोनी, प्रेमचंद वर्मा, भोला यदु, संजय रजक, रूपेश वर्मा, परनिया साहू, भुवनेश्वरी नायक सहित शिक्षकगण एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### गिनाई गई शासन की योजनाएं

शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं प्रधानमंत्री आवास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, नशा मुक्ति अभियान, महतारी वंदन योजना, स्वास्थ्य एवं सुपोषण, शत प्रतिशत साक्षर पंचायत अभियान, शत प्रतिशत स्वच्छता अभियान, शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव, प्लास्टिक मुक्त पंचायत, ट्रैफिक रूल्स पालन, राजस्व विवाद मुक्त पंचायत अभियान को सफल क्रियान्वयन के लिए सुशासन संध्या चौपाल पर प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।



**उदाहरण :** बनायी अलग पहचान, नशा मुक्त ग्राम की उपाधि से भी है सम्मानित

# जनपद स्तर पर आदर्श ग्राम पंचायत की परिकल्पना साकार किया गुडेलिया ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा








आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस है, जो हर साल 24 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन पंचायती राज प्रणाली के महत्व और इसके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शासन और विकास को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। भाटापारा जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुडेलिया ने विकास और सुशासन को लेकर एक आदर्श ग्राम के रुप में अपनी पहचान स्थापित की है। इस गांव के पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत इसके विकास आदर्श सुन्दरता एक अन्य ग्राम पंचायतों के लिये एक आदर्श प्रस्तुत करता है, जहां पर ग्रामीणों को स्वयं का रोजगार साधन, शिक्षा के पर्याप्त साधन तालाबों का सौन्दर्यीकरण आकर्षित करने वाली, उत्कृष्ट आदर्श पंचायत भवन, पर्याप्त खेल सुविधा व मैदान शासन के हर योजनाओं में सहभागी बन उन्हें सफल बनाने हेतु सक्रियता और सबसे बड़ी बात इस ग्राम को नशा मुक्त ग्राम के उपाधि से भी सम्मानित किया गया है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य है- पंचायती राज प्रणाली को मजबूत करना, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सशक्तिकरण और विकास के लिए पंचायती राज प्रणाली की भूमिका को उजागर करना है। ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना- इसके तहत पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और सुशासन को बढ़ावा देना। स्थानीय स्वशासन को प्रोत्साहित करना- स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने और विकास कार्यों को लागू करने में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका को प्रोत्साहित करना है। इस दिन को मनाने विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जैसे पंचायती राज संस्थाओं के कार्यों का सम्मान- पंचायती राज संस्थाओं के कार्यों और उपलब्धियों का सम्मान करना। ग्रामीण विकास परियोजनाओं का शुभारंभ- ग्रामीण क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करना। पंचायती राज प्रणाली पर चर्चा और सेमिनार- पंचायती राज प्रणाली के महत्व और चुनौतियों पर चर्चा और सेमिनार आयोजित करना, जो कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### अधिकारी व नेतागण भी आदर्श पंचायत गुडेलिया के प्रशंसक

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत गुडेलिया आदिवासी बाहुल्य गांव है, जहां शासन-प्रशासन इनके विकास व हित के लिये अनेक प्रकार के योजनाएं भी चलाती है। एक अच्छे आदर्श ग्राम पंचायत के परिकल्पना को लेकर नेता व मुख्यमंत्री सहित राज्य स्तर अधिकारीगण अपर मुख्य सचिव, संभागायुक्त, कलेक्टर आदि लोगों इस आदर्श ग्राम पंचायत गुडेलिया को पंचायती राज व्यवस्था के परिकल्पना में सबसे बड़े माडल के रुप में सम्बोधित भी किया। ग्राम पंचायत गुडेलिया के विकास कि प्रमुख पहचान आकर्षक सुशसज्जित स्कूल, व्यवस्थित लाइब्रेरी, मरीन ड्राइव, शारीरिक कसरत हेतु जिम सुविधा, स्वच्छ वातावरण व मनोरंजन हेतु गार्डन, धार्मिक आस्था के प्रतीक मंदिरों का सौन्दर्यीकरण स्वास्थ्य सुविधा हेतु सुरछा हेतु सीसी टीवी, हमर क्लिनिक, सुन्दर आहते व प्रवेश द्वार जो लोगों को आकर्षित करती है। इन सब मामलों में ग्राम पंचायत गुडेलिया विशेष योग्यता रखता व शासन के समस्त प्रशासनिक सक्रिय गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं, जो कि पंचायती राज व्यवस्था के परिकल्पना को पूर्ण करता है, जिसका मुख्य आधार ग्रावसियों सहित सक्रिय जुझारु समर्पणशील जनप्रतिनिधियों को भी जाता है, जो कि पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा का गौद ग्राम व सरपंच संघ के अध्यक्ष सरपंच संकेत अग्रवाल का गृहग्राम है।

# सिपेट में ऑनलाइन प्रवेश शुरू, अंतिम तिथि 29 मई तक

**बलौदाबाजार।** सिपेट के डिप्लोमा एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 मई एवं परीक्षा तिथि 8 जून निर्धारित की गई है। सत्र 2025–26 हेतु डिप्लोमा एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रम डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी (डीपीटी) कोर्स तीन वर्ष, शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण, डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी (डीपीएमटी) कोर्स तीन वर्ष, शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग एण्ड टेस्टिंग (पीजीडी–पीपीटी), कोर्स दो वर्ष, शैक्षणिक योग्यता बीएससी उत्तीर्ण (विज्ञान संकाय में 3 वर्ष की उपाधि) होना अनिवार्य है। सिपेट में संचालित पाठ्यक्रमों के सफल समापन के बाद विद्यार्थियों को कैंम्पस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से देश के प्रतिष्ठित उद्योगों-स्थानों में रोजगार एवं स्वरोजगार के शत–प्रतिशत अवसर प्रदान कराये जाते हैं। सिपेट रायपुर के विद्यार्थी देश के विभिन्न मल्टीनेशनल कम्पनियों में अपनी सेवाएं भी दे रहे हैं। उपरोक्त डिप्लोमा कोर्स में शैक्षणिक शुल्क का स्पांसर जिला खनिज न्यास संस्थान जिला बलौदाबाजार–भाटापारा द्वारा किया जाता है। विदित हो कि केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीपेट) रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान है, जो कि भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त प्रयास से वर्ष 2015 में औद्योगिक क्षेत्र भनपुरी, रायपुर छत्तीसगढ़ में स्थापित है।

# समर कैंप में बच्चों ने मनाया पृथ्वी दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी में चल रहे 12 दिवसीय समर कैंप के सातवें दिन पृथ्वी दिवस मनाया गया। यह समर कैंप अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। 22 अप्रैल को प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले पृथ्वी दिवस के विशेष अवसर पर बच्चों को शपथ दिलाई गई कि वे अपनी धरती को प्रदूषण मुक्त हरा–भरा और सुंदर बनाने हेतु सदैव प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर बच्चों ने धरती मां कहती हैं बच्चों सुन लो मेरी बात पेड़ लगाओ जल बचाओ जैसे प्रेरणादायक बालगीत को भाव–भंगिमा के साथ प्रस्तुत किया, जिससे वातावरण में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। गीतों के माध्यम से बच्चों को संदेश देना एक प्रभावशाली माध्यम रहा, जिससे उनमें पर्यावरण के प्रति समझ विकसित होती है। इसके पश्चात एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें पृथ्वी दिवस से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के माध्यम से बच्चों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। रचनात्मक गतिविधियों की कड़ी में कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से बच्चों को अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी चीजें बनाना सिखाया गया। इसके साथ ही थ्रेड आर्ट के माध्यम से बच्चों ने रंग–बिरंगे धागों से मनमोहक आकृतियां बनाना सीखा। कार्यक्रम का समापन बूझो तो जानो गतिविधि के साथ हुआ, जिसमें बच्चों ने पहेलियों और प्रश्नों के उत्तर देकर न केवल मनोरंजन किया बल्कि ज्ञानवर्धन भी किया। समर कैंप के इस विशेष दिन बच्चों को सीखने के साथ–साथ पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। समर कैंप का सफल संचालन प्रभारी प्रधानपाठक ईश्वर प्रसाद रजक के मार्गदर्शन शिक्षक द्वय गजपति प्रसाद ध्रुव एवं हेमकुमार देवांगन के सहयोग से रहा है।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यशाला, बच्चों को बताया गया वॉटर हार्वेस्टिंग के लाभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। वर्तमान परिदृश्य में जिस तरह से पृथ्वी क्लाइमेट चेंज के दौर से गुजर रही है, आने वाला समय भयावह होगा। प्रति दिन लाखों की संख्या में बोर उत्खनन के कारण धरती मां का सीना छलनी होते जा रहा है।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को वाटर हार्वेस्टिंग के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को पानी बचाने, वृक्ष बचाने, तथा जीव जन्तुओं की सुरक्षा के बारे में बताया गया, क्योंकि इन सभी की सुरक्षा में ही मनुष्य का जीवन सुरक्षित है। यदि प्रकृति नष्ट हो जाएगी तो मनुष्य का जीवन भी खतरे में पड़ जाएगा। प्रधान पाठक सुशीला वर्मा ने मनुष्यों द्वारा भारी मात्रा में कार्बन के उत्सर्जन से पृथ्वी के पर्यावरण पर पड़ रहे दुष्प्रभाव पर चर्चा की।

उन्होंने छात्रों से गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए अपने घरों में घोंसला बनाकर दाना और पानी के सकोरे रखने के लिए प्रेरित किया। संस्था के इको क्लब प्रभारी शिक्षक प्रीति वर्मा, शिक्षक जीरा उपाध्याय, रमेश वर्मा, चंद्र शेखर साहू, दुर्गेश, नंदिनी शर्मा, रामकरण वर्मा ने भी पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण बचाने के लिए विद्यालय स्तर पर किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की। सभी छात्र छात्राओं और संस्था के शारदा ग्वाल ने बरसात आने पर अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने का निश्चय किया।

### पर्यावरण और जल संरक्षण की तस्वीर बनायी

बलौदाबाजार। पृथ्वी दिवस पर गौरव ग्राम रावन निवासी कक्षा 12वीं की छात्रा राधिका वर्मा और गुमा निवासी कक्षा पांचवीं के छात्र अंकुर साहू ने पृथ्वी की सुंदर और मनमोहक चित्रकारी की। उन्होंने जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, पेड़ अधिक लगाकर पर्यावरण, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, साइकिल की ज्यादा से ज्यादा उपयोग सहित पेंटिंग कला के माध्यम से जनजागरण के संदेश दिया। गौरतलब है कि इस जगत में जन्म लेने वाले प्रत्येक मनुष्य को अपनी




उपस्थिति दर्ज कराने मां की गोद धरती रूपी दाखिल-खारिज रजिस्टर और प्रकृति प्रदत्त जीवन के सभी संसाधनों की संरक्षण के लिए पौधे रूपी नन्हें कलम को धरती में रोपण कर हस्ताक्षर करके जनमानस को प्रकृति संरक्षण के लिए जागरूक करते रहे। चुंकि कीमत पानी की नहीं प्यास की होती है, कदर मौत की नहीं सांस की होती है, और जीवन तो बहुत लोग जीते हैं, दुनिया में, पर उपस्थित रहकर भी अनुपस्थिति की नहीं, बल्कि पेड़ लगाकर उपस्थिति दर्ज कराकर हर जीव को सांस और छांव देने वाले की मरने के बाद भी कई वर्षों तक इस जगत में आदरणीय स्मरण होती है।



# समर कैंप में बच्चे सीख रहे जूड़ो, योग व्यायाम, संगीत और स्पोकन इंग्लिश

**बलौदाबाजार।** गर्मी की छुट्टियों में विद्यालय द्वारा समर कैंप का आयोजन किया गया है। विद्यालय के संचालक शशिकांत साहू, प्राचार्य तेजराम साहू ने बच्चों में रचनात्मकता के लिए सकारात्मक व नवाचारी पहल की है। इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों का मनोरंजन के साथ स्वस्थ वातावरण में उनकी छिपी हुई प्रतिभा को उभारना और उनमें आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है, जिससे उनके सामाजिक कौशल और आत्मविश्वास का विकास होता है। ग्रीष्मकालीन अवकाश में समर कैंप का आयोजन सुबह 8 से 11 बजे तक आयोजित किया गया है। यह कैंप पूर्णतः स्वैच्छिक है। बच्चों के लिए यह बहुत अच्छा कार्यक्रम है। सभी बच्चों में कुछ न कुछ प्रतिभा होती है। बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने से उनका परिणाम भी बेहतर होता है। इस शिविर में सिलंबम, जूड़ो, योग व्यायाम, संगीत, साथ ही स्पोकन इंग्लिश आदि का प्रशिक्षण हितेश वैष्णव, सालिक मार्कण्डेय, बबीता रजवार, जयकिशन व अन्य प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से दिया जा रहा है।

**दतान में अखंड नवधा रामायण का समापन**

# रामायण से मिलता है, सेवा, समर्पण और कर्तव्य का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



ग्राम दतान में श्रद्धा और भक्ति के साथ अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष धन्नू साहू विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने रामायण पाठ में भाग लेकर श्रद्धालुओं को संबोधित किया और आयोजन की सराहना की। धन्नू साहू ने कहा, रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की सबसे श्रेष्ठ पाठशाला है। इसमें सत्य, सेवा, समर्पण और कर्तव्य का जो संदेश है, वह हर युग के लिए प्रासंगिक है। आज के समय में युवा पीढ़ी को इन मूल्यों से जोड़ना बहुत जरूरी है। उन्होंने आयोजन समिति और ग्रामवासियों को इस धार्मिक अनुष्ठान के सफल संचालन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय रहा, जहां भजन–कीर्तन और रामायण पाठ ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य नीलकमल साहू, मीडिया प्रभारी केशव साहू, पनमेश्वर साहू, विजय साहू, डायमंड साहू, वरिष्ठजन नंद शर्मा, रामलाल, समिति अध्यक्ष शिवकुमार धीवर, उपाध्यक्ष केशरी वर्मा, सचिव ओमकार सिन्हा, कोषाध्यक्ष सुंदर फेकर, सहसचिव दुलार साहू, संरक्षक अविनाश वर्मा, भोला मानिकपुरी, लखन वर्मा, हेमकुमार, देवेंद्र, पुरुषोत्तम, संजू हीरालाल, नमेश्वर, फत्तूलाल, विक्रम, सुकदेव, रूपेश, रामस्वरूप, कमलेश, सुनील, धरमन, सुरेश, तुषार, लक्ष्मण, सनकुमार, कमल, संजय, ओम, लखेश्वर, राकेश, दुर्गेश, रोशन, कमलेश, संतोष, अशोक, लुकेश, लेखराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थिति थे।




